University in News on 29 June 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

ड्रोन, समुद्री जहाज और राकेट के उपकरण डिजाइन कर सकेंगे छात्र

लविवि में कुलपति ने 1.7 करोड़ से तैयार दो अत्याधुनिक लैबों का किया उद्घाटन

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भविष्य की जरूरतों के हिसाब से ड्रोन, कार, समुद्री जहाज और राकेट के उपकरणों की डिजाइन तैयार कर सकेंगे। इसके लिए विवि के इंजीनियरिंग संकाय में 1.7 करोड़ से एडवांस इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन लैब एवं कंप्यूटर एडेड डिजाइन ड्रॉफ्टिंग लैब स्थापित की गई हैं।

लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को दोनों प्रयोगशालाओं का उद्घाटन कर इन्हें विद्यार्थियों को समर्पित किया। इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने बताया कि संकाय में स्थापित दोनों प्रयोगशालाएं नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेट्रीज (एनएबीएल) से मान्यता प्राप्त हैं। इस तरह आधुनिक लैब वर्तमान में किसी भी राज्य विश्वविद्यालय में स्थापित नहीं हैं।

लविवि में अत्याधुनिक लैब का उद्घाटन करते वीसी प्रो. आलोक कुमार राय। -संवाद

ऐसे में लविवि के छात्रों के पास बेहतर अवसर है कि वे अपने ज्ञान को और बेहतर कर पाएं। उन्होंने बताया कि कंप्यूटर एडेड डिजाइन एंड ड्रॉफ्टिंग लैब में विद्यार्थी ड्रोन, कार, समुद्री जहाज, राकेट एवं दिन-प्रतिदिन उपयोग होने वाले उपकरणों को भविष्य के अनुरूप अत्याधुनिक करने के साथ ही इनकी डिजाइन तैयार कर पाएंगे। इसके साथ सिमुलेशन व विश्लेषण की तकनीक भी सीख पाएंगे। लैब की मदद से छात्र अपने कौशल को निखारने के साथ ही स्वयं को इंडस्ट्री के हिसाब से तैयार कर सकेंगे। इससे विनिर्माण करने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियों में उन्हें डिजाइन स्किल के आधार पर आसानी से रोजगार मिल सकेगा।

इंडस्ट्री की नई तकनीक जानने में मिलेगी मदद

- मकैनिकल इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षक डॉ. सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि एडवांस इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन लैब में सर्किट सिमुलेशन के लिए विशिष्ट ऑरकैड डिजाइन सॉफ्टवेयर, डिजिटल सर्किट सिमुलेशन के लिए विवडो सॉफ्टवेयर एवं एफपीजीए हार्डवेयर बोर्ड से छात्रों को इंडस्ट्री 4.0 में प्रयोग होने वाली तकनीकें सिखाई जा सकेंगी। एनएबीएल से मान्यता प्राप्त दोनों लैब डिजिटल ऑसिलोस्कोप, आर्बिट्रेरी फंक्शन जनरेटर, मल्टी आउटपुट पावर सप्लाई, बेंच टॉप मल्टीमीटर, एलसीआर मीटर से युक्त हैं।

लविवि व इंडोनेशिया के बीच शैक्षिक करार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने इंडोनेशियाई विश्वविद्यालय अब्दुरचमन सालेह सितुबोंदो के साथ शैक्षिक करार किया है। इस पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इंडोनेशिया के प्रतिनिधि के साथ हस्ताक्षर किए। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस शैक्षिक करार का उद्देश्य विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों में सहयोग और साझेदारी विकसित करना है। समझौते के तहत दोनों पक्षों ने संयुक्त शोध गतिविधियों, प्रकाशनों और जर्नल प्रबंधन के कार्यान्वयन पर सहमति व्यक्त की। वे संयुक्त प्रकाशन, सेमिनार, सम्मेलन, अकादमिक बैठकें और संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 8

एलयू: ड्रोन, कार, समुद्री जहाज, राकेट का डिजाइन बनाएंगे छात्र

उद्घाटन

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में अब ड्रोन, कार, समुद्री जहाज, राकेट और दिन-प्रतिदिन इस्तेमाल में आने वाले उपकरणों का डिजाइन तैयार किया जा सकेगा। मॉडल बनाकर उसके जरूरी पार्ट्स के बारे में भी बताया जाएगा। इसे भविष्य की जरूरतों के अनुसार तैयार करने के लिए कम्प्यूटर एडेड डिजाइन एंड ड्राफ्टिंग लैब बनकर तैयार हो गई है। जिसका उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को किया।

नवीन परिसर के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में स्थापित की गई इस लैब का उपयोग कर विद्यार्थी अपनी स्किल को इंडस्ट्री की डिमांड के मुताबिक विकसित कर सकेंगे। जिससे छात्रों को इंटरनेशनल कंपनियों में प्लेसमेंट के भी कई मौके मिलेंगे।

एलयू में शुक्रवार को कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने लैब का उद्घाटन किया।

4.3 तकनीक की शिक्षा भी मिलेगी छात्रों को

- कम्प्यूटर एडेड डिजाइन एंड ड्राफ्टिंग लैब बनकर तैयार
- छात्रों को अब प्लेसमेंट के बेहतर अवसर मिलेंगे
- नवीन परिसर में कुलपति ने किया लैब का उद्घाटन

एडवांस इलेक्ट्रॉनिकी डिजाइन लैब का भी उद्घाटन

इलेक्ट्रॉनिक एवं संचार इंजीनियरिंग विभाग में एडवांस इलेक्ट्रॉनिकी डिजाइन लैब का भी उद्घाटन हुआ। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि इससे विद्यार्थियों को काफी फायदा होगा। विद्यार्थी इन लैब में अपनी पसंद के विषयों का अध्ययन कर पाएंगे जिससे उनको लाभ होगा। इन लैब्स में छात्र ऑप्टिकल कम्युनिकेशन और डिजाइन सिमुलेशन की कई आधुनिक तकनीकी को सीख सकेंगे। कुलपति का कहना है कि एलयू के आस-पास के संस्थानों को भी फायदा मिलेगा। प्रति कुलपति प्रो.मनुका खन्ना, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, निर्माण अधीक्षक प्रो. डीके सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

ओरकैड डिजाइन सॉफ्टवेयर से लैस लैब

संकायाध्यक्ष प्रो. एके सिंह ने बताया कि एडवांस इलेक्ट्रॉनिकी डिजाइन लैब में सर्किट सिमुलेशन के लिए विशिष्ट ओरकैड डिजाइन सॉफ्टवेयर, डिजिटल सर्किट सिमुलेशन के लिए विवडो सॉफ्टवेयर और एफपी जीए हार्डवेयर बोर्ड से छात्र-छात्राओं को इंडस्ट्री 4.0 में प्रयोग होने वाले तकनीकी को सिखाया जा सकेगा। लैब में एनएबीएल मान्यता प्राप्त डिजिटल ऑस्कल्लोस्कोप, आर्बिट्रेरी फंक्शन जेनरेटर, मल्टी आउटपुट पावर सप्लाई, बेंच टॉप मल्टीमीटर और एलसीआर मीटर मौजूद है। इनकी मदद से छात्र-छात्राओं के लिए विषय को समझना बहुत आसान और सहज होगा।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : छात्र सीखेंगे आधुनिक तकनीकें

आप्टिकल कम्युनिकेशन लैब व कंप्यूटर एडेड डिजाइन एंड ड्राफ्टिंग लैब का उद्घाटन

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राएं अब आप्टिकल कम्युनिकेशन एवं डिजाइन सिमुलेशन की विभिन्न आधुनिक तकनीकी को कैंपस में ही सीख सकेंगें। इसके लिए मंगलवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के अंतर्गत इलेक्ट्रानिकी संचार इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फार टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज (एनएबीएल) से मान्यता प्राप्त आप्टिकल कम्युनिकेशन लैब एवं कंप्यूटर एडेड डिजाइन एंड ड्राफ्टिंग लैब का उद्घाटन किया।

कुलपति ने आशा व्यक्त की कि इससे न केवल लखनऊ विश्वविद्यालय बल्कि आसपास के संस्थानों के छात्र भी लाभान्वित होंगे। डीन प्रो. एके सिंह ने बताया कि एडवांस इलेक्ट्रानिकी डिजाइन लैब में सर्किट सिमुलेशन के लिए विशिष्ट ओरकेडडिजाइन साफ्टवेयर, डिजिटल सर्किट सिमुलेशन के लिए विवडो साफ्टवेयर एवं एफपीजीए हार्डवेयर बोर्ड से छात्रों को इंडस्ट्री-4.0 में प्रयोग होने वाले तकनीकी को सिखाया जा सकेगा। एनएबीएल मान्यता प्राप्त डिजिटल आस्कल्लोंस्कोप, आर्बिट्रेरी फंक्शन जेनरेटर, मल्टी आउटपुट पावर सप्लाई, बेंच टाप मल्टीमीटर, एलसीआर मीटर आदि से युक्त हैं।

विद्यार्थियों को मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की कंप्यूटर एडेड डिजाइन एंड ड्राफ्टिंग लैब में ड्रोन, कार, समुद्री जहाज, राकेट एवं दिन-प्रतिदिन उपयोग होने वाले उपकरणों को भविष्य के अनुरूप अत्याधुनिक करने के लिए डिजाइन एवं सिमुलेशन के साथ विश्लेषण की सुविधा मिल गई है। इसके जरिए छात्र-छात्राएं स्किल को इंडस्ट्री के अनुरूप कर बहुराष्ट्रीय कंपनियों में प्लेसमेंट भी आसानी से पा सकेंगे। उद्घाटन के मौके पर प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने आप्टिकल कम्युनिकेशन लैब एवं कम्प्यूटर एडेड डिजाइन एंड ड्राफ्टिंग लैब का उद्घाटन किया • सौजन्य से लवि

लवि के छूटे विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा तीन को

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में अध्ययनरत बी.ए शारीरिक शिक्षा दूसरे, चौथे व छठे सेमेस्टर के छूटे विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा तीन जुलाई को होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. रुपेश कुमार ने इसका नोटिफिकेशन वेबसाइट पर जारी किया है। विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि पर सुबह छह बजे लवि के छत्रपति शिवाजी मैदान में अपनी किट व फाइल के साथ उपस्थित होना होगा।

11 जुलाई से कक्षाएं: नेशनल पीजी कालेज ने नए सत्र में पढ़ाई को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। कक्षाएं 11 जुलाई से शुरू होंगी। इसके लिए बी.वाक बैंकिंग एंड फाइनेंस पांचवें सेमेस्टर सहित अन्य कोर्सों की समय सारिणी विद्यार्थियों को भेज दी गई है। वहीं, वेबसाइट पर स्नातक प्रवेश परीक्षाओं को लेकर तिथिवार कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है।

बीएससी बायो ग्रुप की सीटें भरीं : आशियाना के महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय में बी.ए, बी.एससी और बी.काम प्रथम वर्ष के दाखिले के लिए 30 जून तक आवेदन का मौका है। प्राचार्य प्रो. सुमन गुप्ता ने बताया कि पहली मेरिट सूची के प्रवेश होने के बाद बी.एससी बायो ग्रुप की सभी सीटें भर चुकी हैं। बी.ए, बी.एससी गणित ग्रुप और बी.काम में अभ्यर्थी वेबसाइट https://mbp-gpgc.in/ के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

PIONEER PAGE 3

एडवांस इलेक्ट्रॉनिकी डिज़ाइन लैब का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में एनएबीएल (नेशनल एक्रडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लैबोरेट्रीस) मान्यता प्राप्त एडवांस इलेक्ट्रॉनिकी डिज़ाइन लैब एवं कंप्यूटर एडेड डिज़ाइन ड्राफिटंग लैब का उद्घाटन कर शुभारंभ किया। इन प्रयोगशालाओं से छात्र- छात्राएँ ऑप्टिकल कम्युनिकेशन एवं डिजाइन सिमुलेशन की विभिन्न आधुनिक तकनीकी को सीख सकेगें। कुलपति ने आशा व्यक्त की कि इससे न केवल लखनऊ विश्वविद्यालय बल्कि आस-पास के संस्थानो के छात्र भी लाभान्वित होंगे।

संकायाध्यक्ष प्रो ए के सिंह ने संकाय में स्थापित की गई इन अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए बताया कि एडवांस इलेक्ट्रॉनिकी डिजाइन लैब में सर्किट सिमुलेशन के लिए विशिष्ट ओरकैड डिजाइन सॉफ्टवेयर, डिजिटल सर्किट सिमुलेशन के लिए विवडो सॉफ्टवेयर एवं एफ. पी. जी.ए, हार्डवेयर बोर्ड से छात्रों को इंडस्ट्री -4.0 में प्रयोग होने वाले तकनीकी को सीखाया जा सकेगा। एन. ए. बी. एल. मान्यता प्राप्त डिजिटल आस्कल्लोंस्कोप, आर्बिट्रेरी फंक्शन जेनरेटर, मल्टी आउटपुट पावर सप्लाई, बेंच टॉप मल्टीमीटर, एलसीआर मीटर इत्यादि से युक्त हैं।

बता दें कि मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की कम्प्यूटर एडेड डिजाइन एंड ड्राफ्टिंग लैब में ड्रोन, कार, समुद्री जहाज, राकेट एवं दिन-प्रतिदिन उपयोग होने वाले उपकरणों को भविष्य के अनुरूप अत्याधुनिक करने हेतु डिजाइन एवं सिमुलेशन के साथ विश्लेषण की सुविधा लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रो को उपलब्ध हो गयी है। जिसका उपयोग कर छात्र अपनी स्किल को इंडस्ट्री के अनुरूप कर सकेगें, जिससे विनिर्माण करने वाली बहुराष्ट्रीय कम्पनीओं में छात्रो को डिजाइन स्किल के आधार पर प्लेसमेंट सरलता पूर्वक मिल सकेगी। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, कार्य अधीक्षक प्रो. डी. के. सिंह, निदेशक द्वितीय परिसर प्रो. आर. के. सिंह के साथ अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

AMRIT VICHAR PAGE 6

अब ड्रोन और कार के उपकरण डिजाइन कर सकेंगे छात्र

कार्यलय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में अब छात्र-छात्राएं ड्रोन, कार, समुद्री जहाज, राकेट और प्रतिदिन उपयोग होने वाले उपकरण आसानी से डिजाइन कर सकेंगे। यहां अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में नेशनल एक्रडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एडं कैलिब्रेशन लैबोरेट्रीस (एनएबीएल) से मान्यता प्राप्त एडवांस इलेक्ट्रॉनिकी डिजाइन लैब एवं कंप्यूटर एडेड डिजाइन ड्राफ्टिंग लैब की शुरुआत कुलपति ने शुक्रवार को की।

लखनऊ विश्वविद्यालय में कौशल विकास और छात्रों के ज्ञान को बढ़ावा देने लिए यह महत्वपूर्ण कदम है। इससे छात्रों के लिए प्रैक्टिकल काफी आसान हो जाएंगे। इस मौके पर प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, कार्य अधीक्षक प्रोफेसर डीके सिंह, निदेशक द्वितीय परिसर प्रो. आरके सिंह और अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के शिक्षक मौजूद रहे।

संकायाध्यक्ष प्रो. एके सिंह ने बताया कि एडवांस इलेक्ट्रानिकी डिजाइन लैब में सर्किट सिमुलेशन के लिए विशिष्ट ओरकैड डिजाइन सॉफ्टवेयर, डिजिटल सर्किट सिमुलेशन के लिए विवडो साफ्टवेयर एवं एफ. पीजीए हार्डवेयर बोर्ड से छात्रों को इंडस्ट्री 4.0 में प्रयोग होने वाले तकनीकी को सीखा जा सकेगा। एनएबी एल मान्यता प्राप्त डिजिटल आस्कल्लोंस्कोप, आर्बिट्रेरी फंक्शन जेनरेटर, मल्टी आउटपुट पावर सप्लाई, बेंच टॉप मल्टीमीटर, एलसीआर मीटर से छात्रों को जानकारी मिलेगी।

मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की कम्प्यूटर एडेड डिजाइन एडं ड्राफ्टिंग लैब में ड्रोन, कार, समुद्री जहाज, राकेट एवं दिन-प्रतिदिन उपयोग होने वाले उपकरणों को भविष्य के अनुरूप अत्याधुनिक डिजाइन कर सकेंगे। इससे बहुराष्ट्रीय कंपनियों में छात्रों को सरलता पूर्वक प्लेसमेंट मिल सकेगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय में लैब की शुरुआत करते हुए कुलपति प्रोफेसर आलोक राय।

- लखनऊ विवि में कंप्यूटर एडेड डिजाइन ड्राफिटंग और एडवांस इलेक्ट्रानिकी डिजाइन लैब शुरु

> इनप्रयोगशालाओं से छात्र-छात्राएं ऑप्टिकल कम्युनिकेशन व डिजाइन सिमुलेशन की अलग-अलग आधुनिक तकनीकी को सीख सकेंगे। इससे न केवल लखनऊ विवि बल्कि आस-पास के संस्थानों के छात्र भी लाभान्वित हो सकेंगे।
>
> -प्रो. आलोक राय, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

इलेक्ट्रॉनिकी डिजाइन लैब व कम्प्यूटर एडेड डिजाइन ड्राफ्टिंग लैब का उद्घाटन

लखनऊ (एसएनबी)। लविवि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के अन्तर्गत इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार इंजीनियरिंग विभाग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में आप्टिकल कम्युनिकेशन लैब एवं कम्प्यूटर एडेड डिजाइन एंड ड्राफ्टिंग लैब का उद्घघाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। इन प्रयोगशालाओं से छात्र- छात्राएँ ऑप्टिकल कम्युनिकेशन एवं डिजाइन सिमुलेशन की विभिन्न आधुनिक तकनीकी को सीख सकेगें। कुलपति ने आशा व्यक्त की कि इससे न केवल लखनऊ विश्वविद्यालय बल्कि आस-पास के संस्थानो के छात्र भी लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, रजिस्ट्रार डॉ.विनोद कुमार सिंह एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्नातक प्रवेश : विकल्प में फार्म न भरने वालों को होगी दिक्कत

लखनऊ विश्वविद्यालय में एक सीट पर कई-कई दावेदार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार: नैक से ए डबल प्लस ग्रेडिंग प्राप्त लखनऊ विश्वविद्यालय में दाखिले की चाह रखने वाले छात्रों को हाई मेरिट के आधार पर प्रवेश मिलेगा। ऐसे में जिन छात्रों का नाम प्रवेश परीक्षा परिणाम में मेरिट नहीं आया और उन्होंने यदि उन्होंने दूसरे कॉलेज से अपना फार्म नहीं भरा है तो उनके लिए स्नातक में प्रवेश पाना चुनौती होगा। क्योंकि कई अच्छे कॉलेजों में भी फार्म भरने की अंतिम तिथि तब तक समाप्त हो चुकी होगी।

विश्वविद्यालय में आवेदन प्रक्रिया अभी भी चल रही है जो कि 30 जून तक जारी रहेगी। विश्वविद्यालय में एक सीट- पर कई-कई दावेदार हैं हालांकि विश्वविद्यालय की ओर से आवेदन करने वाले छात्रों का फाइनल अधिकृत डाटा अभी 30 जून की शाम या 1 जुलाई तक जारी किया जायेगा। सीबीएसई बोर्ड, यूपी बोर्ड, आईएससी 12वीं पास छात्रों की पहली पंसद लखनऊ विश्वविद्यालय है नैक से ग्रेडिंग के बाद से यहां प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या भी बढ़ी है। ऐसे में इस बार भी सीटों की मारामारी होगी। हालांकि कम मेरिट के चलते लखनऊ विश्वविद्यालय में जिन छात्रों को प्रवेश नहीं मिल पायेगा। उनके सामने केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत दर्ज कॉलेजों में प्रवेश का मौका मिलेगा।

- मेरिट हाई रहने के आसार, दूसरे कॉलेज का फॉर्म भरना ही उचित
- विश्वविद्यालय में प्रवेश के आवेदन की आज अंतिम तिथि

> आवेदन काफी ज्यादा संख्या में हैं, लेकिन छात्रों की फाइनल संख्या 1 जुलाई तक जारी होगी। प्रवेश परीक्षा 11 से 18 जुलाई तक आयोजित की जायेगी। ऐसे में छात्रों के पास काफी मौका है वह तैयारी कर लें।
>
> -दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय

क्या कहते हैं जानकार

जहां कहीं भी प्रवेश परीक्षा के मेरिट के आधार पर प्रवेश देने की प्रक्रिया हो यदि वहां आवेदन कर रहे हैं तो उसके साथ-साथ दूसरे संस्थान में भी आवेदन करना चाहिए। जानकार कहते हैं कि इससे पहले संस्थान में यदि प्रवेश न मिले तो दूसरे संस्थान का विकल्प छात्र के पास रहेगा।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

लविवि में शारीरिक शिक्षा की छूटी प्रयोगात्मक परीक्षा 3 जुलाई को

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने छात्रों द्वारा छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा कराने के लिए दिए गए प्रार्थना पत्रों के क्रम में छात्र हित को देखते हुए लविवि परिसर और सहयुक्त महाविद्यालयों के बीए द्वितीय, चुतर्थ और छठे समेस्टर के छूटे हुए सभी छात्र-छात्राओं को जानकारी दी है कि शारीरिक शिक्षा विषय की छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा आगामी 3 जुलाई को प्रातः 6 बजे से लविवि के छत्रपति शिवाजी मैदान पर सम्पन्न होंगी। इसलिए सभी छात्र-छात्राएं निर्धारित समय के अनुसार किट और फाइल के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करायें।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि में एडवांस इलेक्ट्रॉनिकी डिजाइन लैब हुआ उद्घाटन

- कंप्यूटर एडेड डिजाइन ड्राफ्टिंग लैब हुआ प्रारम्भ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के अन्तर्गत इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार इंजीनियरिंग विभाग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में शुक्रवारको एन. ए. बी. एल. प्रत्यायित (मान्यताप्राप्त) आप्टिकल कम्युनिकेशन लैब एवं कम्प्यूटर एडेड डिजाइन एंड ड्राफ्टिंग लैब का उद्घघाटन लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के कर-कमलो से हुआ।

इन प्रयोगशालाओं से छात्र- छात्राएँ ऑप्टिकल कम्युनिकेशन एवं डिजाइन सिमुलेशन की विभिन्न आधुनिक तकनीकी को सीख सकेगें। कुलपति जी ने आशा व्यक्त की कि इससे न केवल लखनऊ विश्वविद्यालय बल्कि आस-पास के संस्थानो के छात्र भी लाभान्वित होंगे। संकायाध्यक्ष प्रो. ए के सिंह ने संकाय में स्थापित की गई इन अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए बताया कि एडवांस इलेक्ट्रॉनिकी डिजाइन लैब में सर्किट सिमुलेशन के लिए विशिष्ट ओरकैड डिजाइन सॉफ्टवेयर, डिजिटल सर्किट सिमुलेशन के लिए विवडो सॉफ्टवेयर एवं एफ. पी. जी.ए. हार्डवेयर बोर्ड से छात्रों को इंडस्ट्री -4.0 में प्रयोग होने वाले तकनीकी को सीखाया जा सकेगा। एन. ए. बी. एल. मान्यताप्राप्त डिजिटल ऑस्कल्लोंस्कोप, आर्बिट्रेरी फंक्शन जेनरेटर, मल्टी आउटपुट पावर सप्लाई, बेंच टॉप मल्टीमीटर, एलसीआर मीटर इत्यादि से युक्त हैं 'मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की कम्प्यूटर एडेड डिजाइन एंड ड्राफ्टिंग लैब में ड्रोन, कार, समुद्री जहाज, राकेट एवं दिन-प्रतिदिन उपयोग होने वाले उपकरणों को भविष्य के अनुरूप अत्याधुनिक करने हेतु डिजाइन एवं सिमुलेशन के साथ विश्लेषण की सुविधा लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रो को उपलब्ध हो गयी है। जिसका उपयोग कर छात्र अपनी स्किल को इंडस्ट्री के अनुरूप कर सकेगें, जिससे विनिर्माण करने वाली बहुराष्ट्रीय कम्पनीओं में छात्रो को डिजाइन स्किल के आधार पर प्लेसमेंट सरलता पूर्वक मिल सकेगी।

LOKSATYA PAGE 3

लखनऊ विवि में कम्प्यूटर एडेड डिजाइन एंड ड्राफ्टिंग लैब शुरू

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के अन्तर्गत इलेक्ट्रानिक एवं संचार इंजीनियरिंग विभाग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में एनएबीएल प्रत्यायित (मान्यता प्राप्त) आप्टिकल कम्युनिकेशन लैब एवं कम्प्यूटर एडेड डिजाइन एंड ड्राफ्टिंग लैब का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने किया। इन प्रयोगशालाओं से छात्र- छात्राएँ ऑप्टिकल कम्युनिकेशन एवं डिजाइन सिमुलेशन की विभिन्न आधुनिक तकनीकी को सीख सकेगें। कुलपति जी ने आशा व्यक्त की कि इससे न केवल लखनऊ विश्वविद्यालय बल्कि आस-पास के संस्थानो के छात्र भी लाभान्वित होंगे।

संकायाध्यक्ष प्रो एके सिंह ने बताया कि एडवांस इलेक्ट्रानिकी डिजाइन लैब में सर्किट सिमुलेशन के लिए विशिष्ट ओरकैड डिजाइन साफ्टवेयर, डिजिटल सर्किट सिमुलेशन के लिए विवडो सॉफ्टवेयर एवं एफपीजीए हार्डवेयर बोर्ड से छात्रों को इंडस्ट्री-4.0 में प्रयोग होने वाले तकनीकी को सीखाया जा सकेगा। एनएबीएल मान्यता प्राप्त डिजिटल ऑस्कल्लोंस्कोप, आर्बिट्रेरी फंक्शन जेनरेटर, मल्टी आउटपुट पावर सप्लाई, बेंच टॉप मल्टीमीटर, एलसीआर मीटर इत्यादि से युक्त हैं।

शिक्षा

- कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने किया उद्घाटन

एलयू यूजी की प्रवेश परीक्षा 18 जुलाई तक

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय ने यूजी की प्रवेश परीक्षा की परीक्षा तिथियां घोषित हो गई हैं। सभी कोर्स की परीक्षाएं मुख्य परिसक में 11 से 18 जुलाई में कराई जाएंगी। सभी अभ्यर्थी आठ जुलाई से अपना प्रवेश पत्र विवि की वेबसाइट Ikouniv.ac.in पर लॉगिन आईडी से डाउनलोड कर सकेंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रवेश विभाग ने गुरूवार को प्रवेश परीक्षा (यूजीईटी) के आयोजन के संबंध में विस्तृत नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें उन्होंने बताया कि परीक्षा का आयोजन दो पालियों में कराया जाएगा। पहली पाली में परीक्षा सुबह 10.30 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक चलेगी। दूसरी पाली की प्रवेश परीक्षा 2.30 बजे से शाम चार बजे तक होगी।प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के संबंध में किसी भी तरह की समस्या या फिर किसी भी तरह की जानकारी के लिए मैत्री भवन स्थित प्रवेश समन्वयक कार्यालय में जा कर संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा में सौ बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। वहीं किस स्ट्रीम के एग्जाम में प्रश्न पत्र किस तरह का होगा वह भी विश्वविद्यालय की साइट पर मौजूद है। सभी अभ्यर्थी साइट से कोर्स डाउनलोड कर सकते हैं।

शिक्षा

- 30 जून तक कर सकते हैं आवेदन

TOI PAGE 3

LU UG entrance from July 11, last date to apply tomorrow

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University (LU) undergraduate entrance tests will be held between July 11 and 18 and students can download their admission cards from July 7 by entering their credentials at LU's admission portal, said a varsity official.

The tests will be held in two shifts-- 10:30am to 12 noon and 2:30pm to 4 pm.

It will be based on multiple choice questions-based pattern in which 100 objective questions will be asked.

KEY DATES

Course	Last Date
BCom/BCom (Hons)	July 11
BCA & BSc	July 12
BBA & LLB	July 13
BA	July 14
BSc (Bio)	July 15
BVA & BFA	July 16
BJMC & BSc (Agri)	July 18

Each question will be of 2 marks and there will be no negative marking.

"The last date to apply for UG admission is June 30. A candidate facing any problem regarding admission can contact the helpline numbers given on the varsity's official website or meet members of the admission team," said Lucknow University spokesperson Durgesh Srivastava.

He said for admission in BA courses, questions will be asked from the class 12 syllabus of Hindi, English, geography, history, civics, psychology, economics; for BCom questions will be from mental ability, commerce, accounting, commercial maths, economics and computer; for BSc (maths) physics, chemistry, mathematics of mental aptitude and basic knowledge of computer application and for BSc (biology) chemistry, botany, zoology, mental aptitude and basic knowledge of computer application of class 12 level will be tested.

"We have uploaded the subject-wise syllabus for every UG course. A candidate can check our website," he added.

LU engineering students get 3 labs for design simulation

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: The engineering students of Lucknow University got a new advanced electronics design laboratory, optical communication laboratory and computer-aided design drafting laboratory.

The three laboratories, all accredited by the National Accreditation Board for Testing and Calibration Laboratories, have come up at the mechanical and electronics engineering department. They were inaugurated by LU VC Prof Alok Kumar Rai on Friday.

"These laboratories will help students learn various modern techniques of optical communication and design simulation. Not only LU students but also the students of nearby institutions will benefit from this," said Rai.

Dean engineering prof AK Singh said, "The advanced electronics design lab is equipped with special design software for circuit simulation, Vivido software for digital circuit simulation and FPGA hardware board to teach latest technology."